हरिभूमि
सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, मंगलवार 6 अक्टूबर 2026

06 कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों पर राशन के उठाव और शत...



07 जिला अस्पताल में डिलीवरी के बाद प्रसूती की मौत पर बवाल, परिजनों...



खबर संक्षेप

10 अक्टूबर तक होंगी विभिन्न सेवा गतिविधियां

सीहोर। जिले में सेवा मेरा योगदान अभियान के अंतर्गत 10 अक्टूबर 2026 तक विभिन्न सेवा एवं जन हितैषी गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। अभियान के तहत स्वच्छता, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण, दिव्यांगजन सशक्तिकरण तथा जरूरतमंद वर्गों की सहायता से जुड़ी गतिविधियां आयोजित कर सेवा और सामाजिक सहभागिता का संदेश दिया जाएगा। इसी क्रम में 06 अक्टूबर को आंखों की जांच एवं चश्मों का वितरण किया जाएगा। 8 अक्टूबर को दिव्यांगजन सशक्तिकरण के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित होंगी। 9 अक्टूबर को वृहद वृक्षारोपण अभियान के साथ सैनिकों तथा उनके अभिभावकों का सम्मान किया जाएगा। अभियान के अंतिम दिन 10 अक्टूबर को जरूरतमंद विद्यार्थियों को आवश्यक सामग्री का वितरण किया जाएगा। सेवा मेरा योगदान' अभियान का उद्देश्य समाज के विभिन्न वर्गों की जरूरतों को समझते हुए सेवा और जनसहभागिता के माध्यम से जरूरतमंद लोगों तक सहायता पहुंचाना है। अभियान के तहत ''स्वच्छता, स्वास्थ्य, वृद्धजन एवं दिव्यांगजन सेवा, वृक्षारोपण, सैनिक परिवारों का सम्मान तथा जरूरतमंद विद्यार्थियों की सहायता'' जैसी गतिविधियों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

विवाद के बाद 300 मीटर तक पीछा कर बाइक को मारी टक्कर, मृतक के साथी मितेश ने बताई रविवार रात की पूरी कहानी

हादसा नहीं, रंजिश में हत्याः पचामा में कार से कुचलकर युवक को मारा, चश्मदीद का खुलासा

घटना के बाद सोमवार को मृतक के परिजन और क्षेत्र के लोग कोतवाली पहुंचे। यहां लोगों ने आरोपियों पर कार्रवाई की मांग की। घायल मितेश ने पुलिस और मीडिया को घटना से जुड़ी जानकारी दी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





पचामा में स्थित राजपूत ढाबे के पास बीती रविवार रात हुए हादसे में नया मोड़ आ गया है। शुरुआत में जिसे एक सामान्य सडक़ दुर्घटना माना जा रहा था, वह अब पुरानी रंजिश में की गई हत्या की सोची-समझी साजिश निकली है।

हादसे में जान गंवाने वाले मंडी निवासी कपिल राठौर के साथी और हमले में घायल मितेश राठौर ने पुलिस और मीडिया के सामने उस रविवार रात की पूरी कहानी बयां की है। मितेश का सीधा आरोप है कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि कार से जानबूझकर टक्कर मारकर अंजाम दी गई हत्या है। सोमवार को गमगीन माहौल में मृतक कपिल का अंतिम संस्कार कर दिया गया।

साउंड बंद कराने के विवाद से शुरू हुई रंजिश

कोतवाली थाना परिसर में मीडिया से बात करते हुए घायल मितेश राठौर ने बताया कि रविवार रात फार्महाउस पर धर्मेंद्र, ओमदीप और उनके 2-4 साथी वहां मौजूद लडक़ों को परेशान कर रहे थे और जबरन साउंड बंद करवा रहे थे। जब अनमोल और मितेश ने उन्हें ऐसा करने से रोका तो आरोपी उनसे बहस करने लगे और देख लेने की धमकी देने लगे।

आरोपियों के तेवर देखकर राजा नाम के एक दोस्त को अनहोनी का शक हुआ। उसने मितेश को अकेले घर न जाने की सलाह दी। मितेश का मोबाइल डिस्चार्ज था, इसलिए कपिल ने अपने फोन से मितेश के चाचा को कॉल कर पूरी बात बताई। चाचा ने 15-20 मिनट में मौके पर पहुंचने को कहा लेकिन काफी देर इंतजार करने के बाद कपिल और मितेश बाइक से घर के लिए निकल पड़े।

300 मीटर तक किया पीछा, फिर मार दी जोरदार टक्कर

मितेश ने बताया कि 200-300 मीटर आगे बढ़ते ही एक तेज रफ्तार कार उनका पीछा करने लगी। पचामा स्थित बैंक ऑफ इंडिया के पास आरोपियों ने कार अड़ाकर बाइक को रोकने की कोशिश की। किसी तरह खुद को बचाते हुए जब वे गाड़ी भगाकर राजपूत ढाबे के पास पहुंचे तो पीछे से आ रही कार ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। मितेश के मुताबिक कार को ओमदीप चला रहा था और उसमें 2-3 लोग और बैठे थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि कपिल ने मौके पर ही दम तोड़ दिया जबकि मितेश को भी गंभीर चोटें आईं।

जांच में जुटी पुलिस : घटना के बाद पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है और हर एंगल से जांच शुरू कर दी है। एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे के अनुसार मृतक की शॉर्ट पीएम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है और मामले की गहराई से जांच जारी है। सीएसपी अभिनंदना शर्मा के अनुसार एफएसएल और पुलिस टीम ने घटनास्थल का मुआयना कर जरूरी साक्ष्य जुटाए हैं। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शी के बयानों के आधार पर आगे की कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

जनभागीदारी भर्ती में धांधली का आरोप एनएसयूआई का अनिश्चितकालीन अनशन शुरू, फर्जी नियुक्तियां रद्द करने की मांग



सीहोर। जिले में जनभागीदारी के माध्यम से हुई भर्तियों में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन ने विरोध शुरू कर दिया है। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष हरिओम सिसोदिया के नेतृत्व में सोमवार से अनिश्चितकालीन धरना और अनशन शुरू किया गया है। एनएसयूआई का आरोप है कि जनभागीदारी के माध्यम से हुई कुछ भर्तियां संदिग्ध, फर्जी और नियमविरुद्ध तरीके से की गई हैं। संगठन ने इन नियुक्तियों को निरस्त करने और पूरी भर्ती प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

एनएसयूआई ने रखीं ये मांगें : एनएसयूआई की प्रमुख मांग है कि संदिग्ध और कथित रूप से फर्जी तरीके से की गई नियुक्तियों को तत्काल रद्द किया जाए। इसके साथ ही भर्ती प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए और पूरी प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जाए। संगठन का कहना है कि जांच के बाद योग्य और शिक्षित युवाओं को उनकी योग्यता के आधार पर रोजगार के अवसर दिए जाने चाहिए।

कांग्रेस नेताओं ने धरने को दिया समर्थन : एनएसयूआई जिला संगठन ने वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से धरने व अनशन में शामिल होकर समर्थन देने की अपील की है।

संगठन का कहना है कि यह प्रदर्शन युवाओं के रोजगार और उनके अधिकारों से जुड़ा है। धरने में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती, शहर कांग्रेस अध्यक्ष घनश्याम यादव सहित कांग्रेस और एनएसयूआई के कई पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

आयुष्मान के बकाया भुगतान पर निजी अस्पतालों का अल्टीमेटम, 8 अक्टूबर से इलाज बंद करने की चेतावनी

पुराने-नए पोर्टल की तकनीकी दिक्कतों से अटके भुगतान और एनएबीएच की अनिवार्यता का किया विरोध



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

आयुष्मान भारत योजना के तहत लंबित भुगतान और अस्पतालों पर लागू की जा रही एनएबीएच की अनिवार्यता को लेकर सीहोर जिले के निजी अस्पतालों में नाराजगी बढ़ गई है। यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स एसोसिएशन ने मध्य प्रदेश शासन को ज्ञापन सौंपकर लंबित भुगतान सहित विभिन्न समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की है।

एसोसिएशन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो 8 अक्टूबर से जिले के निजी अस्पताल आयुष्मान योजना के मरीजों का इलाज बंद करने को मजबूर होंगे। एसोसिएशन के अनुसार, आयुष्मान योजना से जुड़े निजी अस्पतालों को पिछले कई महीनों से भुगतान नहीं मिला है। वहीं पुराने पोर्टल-1 और नए पोर्टल-2 के बीच तकनीकी समस्याओं के चलते कई सीपीडी रिजेक्टेड मामलों की राशि भी अटकी हुई है। लंबे समय से भुगतान नहीं होने के कारण अस्पतालों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति बन गई है।

एनएबीएच की अनिवार्यता पर भी जताई आपत्ति

एसोसिएशन ने वर्तमान में लागू की जा रही अस्पतालों की संबंधी अनिवार्यता को अव्यावहारिक बताते हुए तत्काल रोक लगाने की मांग की है। पदाधिकारियों का कहना है कि एक ओर आयुष्मान योजना के भुगतान लंबे समय से लंबित हैं, वहीं दूसरी ओर अस्पतालों पर अतिरिक्त नियम और बाध्यताएं लागू की जा रही हैं। ऐसे में निजी अस्पतालों के लिए योजना के तहत सेवाएं जारी रखना मुश्किल होता जा रहा है।

मुख्यमंत्री तक मामला पहुंचाने की मांग

ज्ञापन के माध्यम से प्रशासन से आग्रह किया गया है कि निजी अस्पतालों की समस्याओं और आयुष्मान योजना के लंबित भुगतानों की स्थिति से मुख्यमंत्री एवं मध्य प्रदेश शासन को अवगत कराया जाए, ताकि अस्पतालों और मरीजों दोनों के हित में शीघ्र समाधान निकाला जा सके। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने कहा कि अस्पतालों का संचालन आर्थिक रूप से कठिन होता जा रहा है।

यदि लंबित भुगतानों का शीघ्र निराकरण नहीं किया गया और मांगों पर शासन स्तर से निर्णय नहीं लिया गया, तो 8 अक्टूबर से आयुष्मान मरीजों का उपचार रोकने जैसा कदम उठाना उनकी मजबूरी होगी।

फन फैलाए नागराज पर टूट पड़ा नेवला, मंडी अंडरब्रिज की सड़क पर छिड़ी कुदरत की खूंखार जंग

वीडियो- सड़क पर अचानक छिड़ी कुदरत की जंग

सीहोर। मंडी अंडरब्रिज के पास सोमवार को उस समय राहगीरों की सांसें थम गईं, जब सड़क पर आमने-सामने आए नागराज और नेवले के बीच देखते ही देखते जोरदार जंग छिड़ गई। फन फैलाए विषधर की फुंकार और नेवले की बिजली जैसी फुर्ती ने सड़क को कुछ देर के लिए कुदरत के रणक्षेत्र में बदल दिया। इस अप्रत्याशित मुकाबले को देखने के लिए राहगीर रुक गए और कई लोगों ने मोबाइल कैमरों में पूरा रोमांच कैद कर लिया।

फन फैलाकर नागराज ने संभाला मोर्चा

प्रत्यक्षदर्शी जितेंद्र राजपूत के अनुसार, अंडरब्रिज के समीप सड़क किनारे झाड़ियों में हलचल के बाद अचानक सांप बाहर आया। देखते ही देखते उसने फन फैला लिया और जोरदार फुंकार के साथ मोर्चा संभाल लिया। कुछ ही क्षण बाद झाड़ियों से नेवला निकला और उसने सांप के सामने डटकर चुनौती पेश कर दी।

नेवले की फुर्ती ने बढ़ाया रोमांच

सांप और नेवले के बीच शुरू हुई भिड़ंत इतनी तेज थी कि वहां मौजूद लोगों की नजरें एक पल के लिए भी नहीं हटीं। नागराज बार-बार फन उठाकर हमला करने की कोशिश करता, जबकि नेवला तेजी से दिशा बदलते हुए उसके वार से बचता दिखाई दिया। दोनों के बीच हो रही इस खतरनाक भिड़ंत ने मौके पर मौजूद लोगों में रोमांच पैदा कर दिया।

राहगीरों ने थामे कदम, मोबाइल में कैद किया मुकाबला

सड़क पर चल रहे इस असाधारण नजारे ने राहगीरों को रुकने पर मजबूर कर दिया। कुछ लोग सुरक्षित दूरी बनाकर खड़े होकर मुकाबला देखते रहे, तो कई लोगों ने अपने मोबाइल फोन निकालकर वीडियो बना लिया। देखते ही देखते यह वीडियो सोशल मीडिया पर पहुंच गया और लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया।



अंजाम से पहले झाड़ियों में गायब हुए दोनों

मुकाबला कुछ देर तक सड़क पर चलता रहा, लेकिन इसका अंतिम परिणाम सामने नहीं आ सका। दोनों जीव अचानक झाड़ियों की ओर बढ़े और देखते ही देखते उनके बीच चल रहा संघर्ष नजरों से ओझल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों को यह पता नहीं चल सका कि इस भिड़ंत में आखिर किसका पलड़ा भारी रहा।

शहर में चर्चा का विषय बना रोमांचक दृश्य

मंडी अंडरब्रिज के पास सामने आए इस दृश्य ने एक बार फिर यह दिखा दिया कि शहर के आसपास मौजूद झाड़ियां और प्राकृतिक क्षेत्र वन्यजीवों की गतिविधियों से जुड़े हुए हैं। सड़क पर नागराज और नेवले की भिड़ंत का वीडियो सामने आने के बाद यह घटना स्थानीय स्तर पर चर्चा का विषय बनी हुई है।

जलवायु परिवर्तन और उसके मानव जीवन पर प्रभाव पर की चर्चा

योग की पाठशाला सदस्यों ने पहाड़ी पर पौधे रोपे प्रकृति बचाने हरियाली बढ़ाने का लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



योग की पाठशाला ग्रुप के सदस्यों ने रविवार को नगर के समीपस्थ ग्राम रायपुरा की पहाडी पर पौध रोपण किया। सदस्यों ने सांवल माता मंदिर के आसपास बड़ी संख्या में फलदार और छायादार पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण और हरियाली बढाने का संकल्प लिया। इस दौरान बडी संख्या में ग्रामीणजन भी यहा उपस्थित रहे।

योग की पाठशाला ग्रुप के सदस्य कपिल सूर्यवंशी ने जानकारी देते हुए बताया कि गुरप के सदस्य योग, ध्यान और व्यायाम के प्रति लोगों को जागरूक कर रहे हैं। समूह द्वारा ग्राम रायपुरा में एक पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पहाडी पर नीम, पीपल, जामुन, बरगद, आम, गुलमोहर, कदम के पौधे लगाए गए। योगाचार्य दिनेश शर्मा ने टीम के सदस्य और ग्रामीणजनों को प्रकृति संरक्षण, जल संरक्षण, हरियाली बढ़ाने सेहत के प्रति जागरूकता फैलाने का संकल्प दिलाया।

पारंपरिक खेती की और लौटे किसान

मंदिर परिसर में किसानों से चर्चा के दौरान योगाचार्य दिनेश शर्मा ने जलवायु परिवर्तन का मानव जीवन पर प्रभाव संबंधी जानकारियां सांझा की।

चर्चा के दौरान किसानों से पारंपरिक खेती की और लौटने की बात कही, बताया कि रासायनिक खेती के कारण भूमि की उर्वरक क्षमता कम हो रही है साथ ही जल प्रदूषण का खतरा भी बढ गया है। वहीं खेती में अत्याधिक रासायनिकों के उपयोग के कारण केंसर जैसी बीमारियों का भी खतरा बढ गया है। इस मौके पर ग्रामीणों ने अपने विचार व्यक्त किए।

इस मौके पर ग्रुप के सदस्य राजकुमार राठौर,वीरेन्द्र सिंह, भारत सिंह चौहान, सुभाष शर्मा, बाबूलाल मेवाडा, हनुमत मेवाडा, राजेश खंडेलवाल, चरण सिंह राजपूत, मांगीलाल मालवीय, राजेश गुप्ता सहित कई ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

तीन दिवसीय मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

7 अक्टूबर तक जारी रहेगा मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर



सीहोर। महिलाओं के स्वास्थ्य से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के बेहतर उपचार एवं विशेषज्ञ परामर्श के लिए अटल अस्पताल, गंगा आश्रम सीहोर में तीन दिवसीय मेगा महिला स्वास्थ्य शिविर जारी है। शिविर का आयोजन 5, 6 एवं 7 अक्टूबर तक किया जा रहा है। प्रतिदिन सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक महिलाओं को स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञों की देखरेख में जांच, परामर्श एवं उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

शिविर में बच्चेदानी का बाहर आना, बच्चेदानी या अंडाशय में गांठ, अत्यधिक अथवा अनियमित मासिक धर्म, लंबे समय से दवाइयां लेने के बाद भी आराम नहीं मिलना, पेशाब संबंधी समस्याओं सहित अन्य स्त्री रोगों की जांच एवं उपचार किया जा रहा है। शिविर के दौरान आवश्यक जांच एवं उपचार के साथ विशेषज्ञों से परामर्श, आधुनिक तकनीकों से उपचार तथा ऑपरेशन संबंधी रियायती सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं। अटल अस्पताल प्रबंधन ने सीहोर जिले एवं आसपास के क्षेत्र की महिलाओं से 7 अक्टूबर तक जारी इस विशेष स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठाने की अपील की है।

खबर संक्षेप



जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

सीहोर। जनगणना 2027 के द्वितीय चरण एवं जनसंख्या गणना की तैयारियों के संबंध में जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना कार्य की प्रक्रिया, दायित्वों एवं निर्धारित प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य जनगणना कार्य को व्यवस्थित, त्रुटि रहित एवं समय-सीमा में संपन्न कराना है। प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जनगणना के द्वितीय चरण में किए जाने वाले कार्यों, आवश्यक प्रपत्रों के संधारण तथा निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार जानकारी संकलित करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही जनसंख्या गणना के दौरान प्रत्येक परिवार एवं व्यक्ति से संबंधित आवश्यक जानकारी सावधानीपूर्वक दर्ज करने तथा आंकड़ों की शुद्धता बनाए रखने पर जोर दिया गया। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य के दौरान मैदानी अमले की भूमिका एवं जिम्मेदारियों पर भी चर्चा की गई।

कलेक्टर ने पानी अपव्यय को रोकने और जल का मितव्ययी उपयोग करने के लिए भी जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों पर राशन के उठाव और शत-प्रतिशत वितरण के दिए निर्देश

कलेक्टर बालागुरू के. ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान व सेवा संकल्प अभियान की विभागवार व जनपदवार प्रगति की समीक्षा की

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



कलेक्टर बालागुरू के. ने जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन, जनसुनवाई तथा विभिन्न शिविरों में प्राप्त शिकायतों एवं आवेदनों का निर्धारित समय-सीमा में संतुष्टिपूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि शिकायतों के निराकरण में गंभीरता बरती जाए और आवेदकों को राहत प्रदान करने के लिए प्रभावी कार्रवाई की जाए। कलेक्टर ने विभागवार लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत निराकरण सुनिश्चित करने तथा निराकरण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

टीएल बैठक के दौरान कलेक्टर बालागुरू के. ने कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्तमान वर्ष में जिले में औसत से कम वर्षा हुई है। ऐसी स्थिति को देखते हुए किसानों को आगामी फसल के रूप में कम पानी की आवश्यकता वाली फसलों की बोवनी के लिए प्रेरित किया जाए। कृषि अधिकारी किसानों से सतत संपर्क कर उन्हें कम जल खपत वाली फसलों के लाभों की जानकारी दें तथा उपलब्ध जल संसाधनों के अनुसार फसल चयन के लिए मार्गदर्शन प्रदान करें।

कलेक्टर ने पानी के अपव्यय को रोकने और जल का मितव्ययी उपयोग सुनिश्चित करने के लिए भी व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसानों एवं आमजन को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाए तथा सिंचाई एवं अन्य आवश्यक कार्यों में पानी का आवश्यकता के अनुरूप उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाए, ताकि उपलब्ध जल संसाधनों का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित हो सके।

कलेक्टर बालागुरू के. ने मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत जिले में संचालित गतिविधियों की विभागवार एवं जनपदवार प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि अभियान के तहत प्राप्त सभी प्रकरणों का शत-प्रतिशत निराकरण निर्धारित समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए। आमजन की समस्याओं के निराकरण में किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। कलेक्टर ने कहा कि दोनों अभियानों का उद्देश्य अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं एवं सेवाओं का लाभ पहुंचाना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विभागीय योजनाओं से पात्र हितग्राहियों को चिन्हित कर उन्हें लाभान्वित किया जाए तथा मैदानी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जनपदवार प्रगति की नियमित समीक्षा कर लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने अभियान के अंतर्गत आयोजित किए जाने वाले शिविरों को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिविरों की जानकारी आमजन तक समय पर पहुंचाई जाए तथा शिविरों में अधिक से अधिक पात्र हितग्राहियों की सहभागिता सुनिश्चित की जाए। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि शिविरों में प्राप्त आवेदनों एवं प्रकरणों का मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास करें, ताकि अभियान का अधिकतम लाभ आमजन को मिल सके। कलेक्टर बालागुरू के. ने जिले में खाद-बीज की उपलब्धता एवं वितरण की समीक्षा करते हुए कृषि अधिकारियों को निर्देश दिए कि किसानों को आवश्यकता के अनुसार समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने खाद-बीज के वितरण की सतत निगरानी करने तथा किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो, यह सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने उचित मूल्य दुकानों पर राशन के उठाव एवं शत-प्रतिशत वितरण की भी समीक्षा की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पात्र राशन हितग्राहियों को निर्धारित मात्रा में समय पर राशन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही सभी राशन हितग्राहियों की ई-केवाईसी का कार्य शत-प्रतिशत सुनिश्चित करने तथा लंबित ई-केवाईसी को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

कलेक्टर बालागुरू के. ने विभिन्न विभागों को भूमि आवंटन, फार्मर रजिस्ट्री, श्रम विभाग के लंबित प्रकरणों तथा स्वरोजगार योजनाओं की प्रगति की विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से विभागवार प्रगति की जानकारी लेते हुए लंबित प्रकरणों का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करने तथा पात्र हितग्राहियों को स्वरोजगार योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ दिलाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने फार्मर रजिस्ट्री का कार्य प्रमुखता से करने पर विशेष जोर दिया।

कलेक्टर ने मध्यान्ह भोजन योजना से संबंधित व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विद्यार्थियों को निर्धारित मापदंड के अनुसार गुणवत्तापूर्ण एवं पौष्टिक मध्यान्ह भोजन उपलब्ध कराया जाए। साथ ही योजना के क्रियान्वयन की नियमित निगरानी करने तथा जहां भी कोई समस्या सामने आए, उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

दुकान के ताले तोड़कर चोरी का प्रयास सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई वारदात

पुराने बस स्टैंड के पास मुकाती कॉम्प्लेक्स में देर रात पहुंचे अज्ञात बदमाश, सामान नहीं मिलने पर लौटे

रेहटी। नगर में चोरी की घटनाओं को लेकर एक बार फिर सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हुए हैं। पुराने बस स्टैंड के पास पुराने थाना रोड स्थित मुकाती कॉम्प्लेक्स में बीती रात अज्ञात बदमाशों ने एक दुकान में चोरी का प्रयास किया। बदमाश दुकान के ताले तोड़कर अंदर घुसे, लेकिन दुकान में कुछ नहीं मिलने पर वापस लौट गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने की बात सामने आई है। जानकारी के अनुसार दुकान संचालक मंगल सिंह चौहान, पिता राम सिंह फौजदार, निवासी ग्राम रेहटी ने थाना रेहटी में आवेदन देकर बताया कि रात के समय अज्ञात व्यक्ति उनकी दुकान में चोरी करने की नीयत से पहुंचे।

बदमाशों ने दुकान पर लगे ताले तोड़ दिए और दुकान के अंदर प्रवेश किया। हालांकि, दुकान में कोई सामान या नकदी नहीं मिलने के कारण



बदमाश वापस लौट गए। दुकान संचालक ने घटना की जानकारी पुलिस को देते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ उचित कार्रवाई की मांग की है। आवेदन में घटना के संबंध में सीसीटीवी फुटेज भी सामने आने की बात कही गई है, जिससे पुलिस को आरोपियों की पहचान करने में मदद मिल सकती है। पुराने बस स्टैंड और बाजार क्षेत्र में हुई इस घटना के बाद व्यापारियों में चिंता का माहौल है। व्यापारियों ने पुलिस से रात के समय बाजार एवं प्रमुख व्यापारिक क्षेत्रों में गश्त बढ़ाने तथा सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों की जल्द पहचान कर कार्रवाई करने की मांग की है।

जगह-जगह हो रही बैठकों में माता-बहनों में दिख रहा उत्साह, 15 अक्टूबर को निकलेगी भव्य चुनरी यात्रा

माता रानी के जयकारों से गूंज रहा सीहोर, चुनरी यात्रा की तैयारियां तेज



हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

धर्म और आस्था की नगरी सीहोर में आगामी 15 अक्टूबर को आयोजित होने वाली भव्य चुनरी यात्रा को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। यात्रा को लेकर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में जगह-जगह बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इन बैठकों में बड़ी संख्या में माता-बहनें उत्साहपूर्वक शामिल होकर चुनरी यात्रा को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने की तैयारियों में जुटी हुई हैं। चुनरी यात्रा करौली वाली माता मंदिर से प्रारंभ होकर कस्बा स्थित इलाही माता मंदिर तक जाएगी, जहां यात्रा का विधिवत समापन होगा। इस अवसर पर श्रद्धालुओं द्वारा 121 मीटर लंबी चुनरी माता रानी को अर्पित की जाएगी। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है और लगातार लोगों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का आह्वान किया जा रहा है।

चुनरी यात्रा की तैयारियों को लेकर विभिन्न स्थानों पर आयोजित बैठकों में महिलाओं और युवाओं सहित श्रद्धालु बड़ी संख्या में सहभागिता कर रहे हैं। बैठकों में यात्रा के मार्ग, व्यवस्थाओं, श्रद्धालुओं की सहभागिता और माता रानी की भव्य चुनरी अर्पित करने को लेकर चर्चा की जा रही है। वातावरण माता रानी के जयकारों और भक्ति गीतों से भक्तिमय नजर आ रहा है।

नगर पालिका अध्यक्ष प्रिंस राठौर ने कहा कि चुनरी यात्रा केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि हमारी आस्था, श्रद्धा और सनातन संस्कृति से जुड़ा एक महत्वपूर्ण पर्व है। माता रानी के प्रति श्रद्धालुओं की गहरी आस्था इस यात्रा में दिखाई देती है। जिस प्रकार शहर और आसपास के क्षेत्रों में माता-बहनों एवं श्रद्धालुओं में चुनरी यात्रा को लेकर उत्साह दिखाई दे रहा है, वह निश्चित रूप से इस यात्रा को भव्य स्वरूप प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि चुनरी यात्रा में श्रद्धा और विश्वास के साथ शामिल होकर माता रानी की चुनरी को धारण करना और उसे माता को अर्पित करना भक्तों के लिए विशेष आस्था का विषय है। मान्यता है कि सच्चे मन और श्रद्धा से माता रानी के दरबार में पहुंचकर प्रार्थना करने वाले भक्तों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं। उन्होंने सभी श्रद्धालुओं, माता-बहनों और युवाओं से अपील की कि वे 15 अक्टूबर को अधिक से अधिक संख्या में चुनरी यात्रा में शामिल होकर माता रानी का आशीर्वाद प्राप्त करें। उन्होंने कहा कि 121 मीटर लंबी चुनरी के साथ निकलने वाली यह यात्रा श्रद्धा, भक्ति और मातृशक्ति की एकता का अद्भुत दृश्य प्रस्तुत करेगी। यात्रा को लेकर लगातार तैयारियां की जा रही हैं और अलग-अलग क्षेत्रों में बैठकें कर लोगों को यात्रा से जोड़ा जा रहा है। चुनरी यात्रा को लेकर शहर में अभी से उत्साह का माहौल है। जगह-जगह हो रही बैठकों में माता-बहनें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रही हैं और सभी मिलकर इस धार्मिक आयोजन को भव्य एवं यादगार बनाने की तैयारियों में जुटी हुई हैं। 15 अक्टूबर को करौली वाली माता मंदिर से शुरू होने वाली चुनरी यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ने की संभावना है।

खुले ट्रांसफार्मरों से दुर्घटना का खतरा, बाउंड्रीवाल बनवाने की मांग

सीहोर। वार्ड क्रमांक 17 के युवा विवेक टाँक ने क्षेत्रवासियों के साथ विद्युत विभाग पहुंचकर अधिक्षण यंत्री पूनम तुमराम को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में वार्ड क्रं. 17 स्थित गांधी कॉलोनी सहित वार्ड के विभिन्न क्षेत्रों में खुले में लगे विद्युत ट्रांसफार्मरों को सुरक्षित किए जाने की मांग उठाई गई है। रिहायशी क्षेत्रों एवं सार्वजनिक आवागमन वाले स्थानों पर बिना सुरक्षा घेरे के लगे ट्रांसफार्मरों के कारण आम नागरिकों, बच्चों एवं राहगीरों की सुरक्षा को लेकर दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। विवेक टाँक का कहना है कि शीतला माता मंदिर गंज लोधी मोहल्ल के पास एवं राजबिहार कॉलोनी सहित कई स्थानों पर विद्युत ट्रांसफार्मर खुले में लगे हुए हैं तथा उनके आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं है। ऐसे में



किसी अप्रिय विद्युत दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। नागरिकों ने संबंधित अधिकारियों से इस समस्या का स्थायी समाधान करने की मांग की है।

मांग में कहा गया है कि वार्ड क्रमांक 17 की गांधी कॉलोनी सहित अन्य क्षेत्रों का निरीक्षण करवाकर खुले में लगे सभी विद्युत ट्रांसफार्मरों को चिन्हित किया जाए। इसके बाद प्राथमिकता के आधार पर ट्रांसफार्मरों के चारों ओर मजबूत बाउंड्रीवाल अथवा नियमानुसार सुरक्षा घेरा बनवाया जाए। विवेक टाँक ने जनहित एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संबंधित विभाग से आवश्यक कार्रवाई शीघ्र किए जाने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी भी प्रकार की विद्युत दुर्घटना की संभावना को कम किया जा सके। इस मौके पर प्रमुख रूप से विवेक टांक, पंकज शर्मा, पूर्व पार्षद सतीष गरोठिया, अभिषेक लोधी, गौरव टांक, अंकित खरे, गौतम देशराज, आर्यन खोडिया, अभिषेक कछवाय, मयंक चालंदेले, आदर्श पटेल, देवू खरे, अभिषेक उइके सहित क्षेत्र के नागरिकगण उपस्थित रहे।

9 अक्टूबर को कांशीराम साहब के परिनिर्वाण दिवस पर चार स्थानों पर होंगी श्रद्धांजलि सभाएं

सीहोर। बहुजन समाज पार्टी की सीहोर जिला कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में बसपा के मुख्य जोन प्रभारी एडवोकेट कमलेश कुमार उपस्थित रहे। बैठक की अध्यक्षता बसपा जिला अध्यक्ष कोमल नगर ने की। बैठक में आगामी 9 अक्टूबर को बहुजन समाज पार्टी के संस्थापक कांशीराम साहब के 20वें परिनिर्वाण दिवस के अवसर पर मध्य प्रदेश में आयोजित होने वाली श्रद्धांजलि सभाओं की तैयारियों को लेकर विस्तार से चर्चा की गई।

मप्र राष्ट्रभाषा प्रचार समिति शाखा सीहोर का जिला स्तरीय प्रतिभा प्रोत्साहन कार्यक्रम संपन्न

हिन्दी राष्ट्र चेतना और लोकमंगल की भाषा : आरके बांगरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर





हिन्दी केवल संवाद का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र चेतना और राष्ट्रवाद की सशक्त भाषा है। हिन्दी भाषा और साहित्य में लोकमंगल, नैतिक मूल्यों तथा समाज के कल्याण की भावना निहित है। यह बात म.प्र. राष्ट्रभाषा प्रचार समिति शाखा सीहोर द्वारा शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर में आयोजित जिला स्तरीय प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता में कार्यक्रम संयोजक आरके बांगरे ने कही।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्या रूपश्री नागेश, विकासखंड शिक्षा अधिकारी सीहोर आर.के. बांगरे, डॉ. हेमलता राठौर, एच.एन. वर्मा, डॉ. मंगलेश जायसवाल, डॉ. दीपक बिसोरिया, राखी नामदेव एवं सुनीता मालवीय ने मां सरस्वती के पूजन-अर्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया। इस अवसर पर प्राचार्या रूपश्री नागेश ने कहा कि हिन्दी साहित्य में लोक कल्याण और नैतिक शिक्षा का विपुल भंडार समाहित है। विद्यार्थियों में हिन्दी के प्रति रुचि और रचनात्मक प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए ऐसे आयोजन महत्वपूर्ण हैं।

जिले के विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं ने प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक सहभागिता की और अपनी प्रतिभा से उपस्थितजनों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कविता पाठ प्रतियोगिता में पूर्वि डाबी, शासकीय स्वामी विवेकानंद मंडी ने प्रथम, जयदीप, शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर ने द्वितीय तथा अंजली परमार, शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लोकगीत गायन प्रतियोगिता में कु. झिलमिल लोधी, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सांदीपनि सीहोर ने प्रथम, प्रतीक दांगी, पीएमश्री विद्यालय ने द्वितीय तथा अंकित प्रजापति, शासकीय सुभाष विद्यालय सीहोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

कहानी एवं कविता लेखन प्रतियोगिता में रोशनी यादव, उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर ने प्रथम, भारती जैन, एमएसबी सीहोर ने द्वितीय तथा फैजान, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टैगोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में अमन विश्वकर्मा, उत्कृष्ट विद्यालय सीहोर ने प्रथम, आशीष परनाम, शासकीय सुभाष उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सीहोर ने द्वितीय तथा योगेश मेवाड़ा, सांदीपनि विद्यालय सीहोर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विजेता प्रतिभागियों को प्रथम पुरस्कार के रूप में 500 रुपये, द्वितीय को 400 रुपये तथा तृतीय को 300 रुपये की नगद राशि के साथ ट्रॉफी एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किए गए। सभी प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन राखी नामदेव ने किया तथा आभार डॉ. दीपक बिसोरिया ने व्यक्त किया। कार्यक्रम को भावपूर्ण एवं रसमय बनाने में सुरेश श्रीवास्तव एवं जयमल सिंह राजपाल ने अपनी रचनाओं का ओजपूर्ण वाचन किया। इस अवसर पर निर्णायक के रूप में सेवानिवृत्त व्याख्याता एच.एन. वर्मा, डॉ. मंगलेश जायसवाल (डाइट सीहोर) एवं श्री सोलंकी, पूर्व प्राचार्य उपस्थित रहे। विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षक-शिक्षिकाओं सहित शासकीय महारानी लक्ष्मीबाई उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के समस्त स्टाफ का कार्यक्रम को सफल बनाने में सराहनीय योगदान रहा।

आंगन मिलन सेवा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का हुआ सम्मान



सीहोर। सेवा संकल्प अभियान के तहत वार्ड क्रमांक 4 स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 66 में आंगन मिलन सेवा एवं सेवा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सेवा कार्यों को सराहा गया तथा उपस्थित माताओं-बहनों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. गगन नामदेव उपस्थित रहे। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल मंत्री निर्देश पाटीदार, पार्षद राजेश मांझी, परियोजना अधिकारी नीलम शर्मा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रत्ना ताम्रकार, जिला चिकित्सालय की नर्सिंग अधिकारी छाया शर्मा तथा शहरी आशा कार्यकर्ता एलम मेवाड़ा सहित बड़ी संख्या में लाभार्थी माताएं एवं बहनें उपस्थित रहीं। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से महिलाओं एवं बच्चों के लिए किए जा रहे कार्यों की सराहना की। साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, पोषण तथा शासन की हितग्राहीमूलक योजनाओं का लाभ पात्र परिवारों तक पहुंचाने पर जोर दिया गया। इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं एवं आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं ने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का समापन उपस्थित सभी अतिथियों एवं लाभार्थियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए किया गया।

कार्यालय कृषि उपज मंडी समिति सीहोर जिला- सीहोर (म.प्र.)
email-awmseh@gmail.com
क्रमांक / मंडी / स्टोर / 2026-27/1693 सीहोर दिनांक 01/10/26

-: निविदा आमत्रंण सूचना :-

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि कृषि उपज मण्डी समिति सीहोर के अंतर्गत शासकीय संस्थाओं हेतु निविदाए। ऑनलाईन आंमत्रित कि जाती है ऑनलाईन निविदा में सम्मिलित होने हेतु दिनांक 01/10/2026 समय प्रातः 11 बजे से अंतिम दिनांक 22/10/2026 समय दोपहर 03 बजे तक जेम पोर्टल के माध्यम से भाग लिया जा सकता है। विस्तृत जानकारी / शर्तें पोर्टल पर उपलब्ध है।

निविदा क्र. Gem /2026 /B/8107695

सचिव, कृषि उपज मण्डी
समिति सीहोर जिला सीहोर (म.प्र.)

आक्रोशित परिजनों और जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल परिसर में हंगामा किया

जिला अस्पताल में डिलीवरी के बाद प्रसूती की मौत पर बवाल, परिजनों ने अस्पताल में धरना-प्रदर्शन किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

जिला अस्पताल की प्रसूति विंग में स्वास्थ्य कर्मियों की कथित संवेदनहीनता और लापरवाही के चलते एक नवविवाहिता की जान चली गई। पहली डिलीवरी के दौरान स्वस्थ बच्चे को जन्म देने के कुछ ही घंटों बाद अत्यधिक रक्तस्राव से 19 वर्षीय अमरीबाई तंवर की मौत हो गई। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजनों और जनप्रतिनिधियों ने अस्पताल परिसर में जमकर हंगामा करते हुए धरना दिया। प्रशासनिक अधिकारियों के निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई के लिखित आश्वासन के बाद ही मामला शांत हुआ।

क्या है पूरा मामला?

अमेरपुरा निवासी दिनेश तंवर की 19 वर्षीय पत्नी अमरीबाई को शनिवार रात प्रसव पीड़ा होने पर जिला अस्पताल के मेटर्नल एंड चाइल्ड हेल्थ वार्ड में भर्ती कराया गया था। देर रात महिला ने सामान्य प्रसव (नॉर्मल डिलीवरी) के जरिए एक स्वस्थ शिशु को जन्म दिया। बच्चे के जन्म के बाद परिवार में खुशी का माहौल था, लेकिन कुछ ही देर में प्रसूता को अत्यधिक रक्तस्राव (पोस्टपार्टम हैमरेज) होने लगा। रविवार तड़के करीब 3 बजे महिला ने तड़पते हुए दम तोड़ दिया।

परिजनों के गंभीर आरोप, पैसा मांगा, ब्लीडिंग की शिकायत पर भगा दिया

मृतका की सास धापूबाई और परिजनों ने ड्यूटी पर तैनात नर्सिंग स्टाफ पर गंभीर आरोप लगाए हैं, लापरवाही और अनदेखी, परिजनों का कहना है कि प्रसव के बाद जब लगातार ब्लीडिंग हो रही थी, तब उन्होंने कई बार ड्यूटी रूम में जाकर स्टाफ को सूचना दी। आरोप है कि स्टाफ ने मरीज को देखने के बजाय परिजनों को डांटकर भगा दिया।

स्टाफ ने की रिश्वत की मांग

परिजनों ने आरोप लगाया कि डिलीवरी के समय स्टाफ द्वारा पैसों की मांग की गई थी। पैसे देने में आनाकानी और देरी के चलते प्रसूता के इलाज में जानबूझकर लापरवाही बरती गई, जिससे समय पर इलाज न मिलने से उसकी मौत हो गई।

अस्पताल परिसर में धरना पूर्व विधायक भी पहुंचे

घटना की जानकारी मिलते ही सुबह अस्पताल में भारी भीड़ जमा हो गई। परिजनों ने शव को उठाने से इनकार करते हुए अस्पताल परिसर में धरना शुरू कर दिया। पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर और हेमराज कल्पोनी भी मौके पर पहुंचे और परिजनों के साथ धरने पर बैठ गए। प्रदर्शनकारियों ने दोषी डॉक्टरों व नर्सिंग स्टाफ पर गैर-इरादतन हत्या का मामला दर्ज कराने और सेवा से बर्खास्त करने की मांग की।

प्रशासन का दखल और कार्रवाई का आश्वासन

स्थिति बिगड़ती देख एसडीएम निधि भारद्वाज, तहसीलदार और कोतवाली टीआई पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे। एसडीएम ने परिजनों और जनप्रतिनिधियों से वार्ता की, घटना की उच्चस्तरीय और निष्पक्ष जांच के लिए मेडिकल बोर्ड और प्रशासनिक अधिकारियों की संयुक्त टीम गठित की गई है।' जांच में दोषी पाए जाने वाले स्वास्थ्य कर्मियों के खिलाफ तत्काल विभागीय व वैधानिक कार्रवाई का भरोसा दिया गया।प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवार को रेडक्रॉस सोसायटी के माध्यम से त्वरित आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की बात कही गई।प्रशासनिक आश्वासन और समझाइश के बाद परिजनों ने धरना समाप्त किया। पुलिस ने पंचनामा तैयार कर शव का डॉक्टरों के पैनल से पोस्टमॉर्टम कराया और अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

खरीफ 2026 में सोयाबीन के लिए लागू भावांतर भुगतान योजना

जिले में 91 केंद्रों पर 17 अक्टूबर तक होगा मुफ्त पंजीयन, मंडियों में किसानों की होगी वीडियोग्राफी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा

खरीफ 2026 में सोयाबीन के लिए लागू भावांतर भुगतान योजना को पारदर्शी और सुगम बनाने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने जिला क्रियान्वयन समिति और मंडी सचिवों की समीक्षा बैठक लेकर स्पष्ट निर्देश दिए कि योजना के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।जिले में प्राथमिक कृषि साख सहकारी एवं विपणन समितियों के माध्यम से 91 पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ 17 अक्टूबर 2026 तक किसानों का निःशुल्क पंजीयन किया जाएगा।

केवल मंडी में बेचने पर ही मिलेगा लाभ

कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि योजना का लाभ लेने के लिए पंजीकृत किसानों को अपनी उपज कृषि उपज मंडी या निर्धारित उपमंडी प्रांगण में ही बेचनी होगी। एमपी फार्म गेट ऐप अथवा सौदा पत्रक के माध्यम से किए गए विक्रय पर योजना का लाभ नहीं मिलेगा। उपज बिकने के बाद भावांतर की राशि सीधे किसान के आधार-लिंक्ड बैंक खाते में ऑनलाइन भेजी जाएगी।

फर्जीवाड़े पर रोक के कड़े इंतजाम

ई-मंडी पोर्टल व वीडियोग्राफी, मंडी में प्रवेश के समय किसान का पंजीयन व वाहन क्रमांक दर्ज होगा और प्रत्येक पंजीकृत किसान की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। सत्यापित तौल कांटे, तुलाई में गड़बड़ी रोकने के लिए नापतौल विभाग से प्रमाणित शत-प्रतिशत इलेक्ट्रॉनिक कांटों का ही उपयोग होगा। मॉडल रेट का प्रदर्शन, रोजाना तय होने वाला मॉडल रेट मुख्य द्वार, नीलामी शेड और विश्रामगृह पर चस्पा किया जाएगा और अवैध बिक्री पर निगरानीसीमावर्ती मंडियों में दूसरे राज्यों या जिलों से लाई गई उपज और पुरानी सोयाबीन की दोबारा बिक्री रोकने के सख्त निर्देश दिए गए हैं।

24 घंटे चालू रहेगा हेल्प डेस्क

किसानों की सहायता और शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए प्रत्येक मंडी में 24 घंटा 7 दिन कंट्रोल रूम व हेल्प डेस्क सक्रिय रहेगा, जहां प्राप्त शिकायतों का निराकरण 24 घंटे के भीतर किया जाएगा। कलेक्टर ने मंडियों में पेयजल, कृषक विश्रामगृह, प्रकाश व्यवस्था और सुचारू पार्किंग सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए।

योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए

'सरकार आपके द्वार' शिविर आयोजित किया, 65 आवेदनों का निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खुजनेर



सेवा सेतु अभियान 'सरकार आपके द्वार' के तहत रविवार, 4 अक्टूबर को मांगलिक भवन खुजनेर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ विधायक अमर सिंह यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष केदार काका, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष पंकज शर्मा, मंडल अध्यक्ष सुरेश दागी सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए, जहां नागरिकों से संबंधित समस्याओं और योजनाओं के आवेदन प्राप्त किए गए। राजस्व, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, नगरीय प्रशासन सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने लोगों की समस्याएं सुनीं और उनका निराकरण किया। इस दौरान पीएम स्वनिधि योजना के तहत क्रेडिट कार्ड एवं ऋण, प्रधानमंत्री आवास योजना, पेंशन और नामांतरण सहित विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए।

टीबी मरीजों को फूड बास्केट भी प्रदान की गई।विधायक अमर सिंह यादव ने कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से सेवा सेतु अभियान के तहत 'सरकार आपके द्वार' शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।शिविर में कुल 65 आवेदन प्राप्त हुए, जिनका मौके पर ही निराकरण किया गया।

इस अवसर पर पार्षद लोकेंद्र यादव, मुकेश यादव, प्रेम राजपूत, इलियास, मुकेश शर्मा, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राधेश्याम गुप्ता, एल्डरमैन अरविंद गुप्ता सहित तहसीलदार नित्यानंद पाण्डेय, मुख्य नगर पालिका अधिकारी कृष्णकांत शर्मा, बीएमओ डॉ. एस.के. मित्तल, पीओ छाया भारद्वाज, विद्युत मंडल जेई रवि बड़ोने सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

नगर परिषद में सेवा सेतु स्वास्थ्य व जनसमस्या निवारण शिविर संपन्न

गरीबों को पक्की छत व मुफ्त इलाज दे रही केंद्र सरकार: विधायक

कुरावर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर चल रहे सेवा पखवाड़े के तहत रविवार को सुबह 11 बजे नगर परिषद परिसर में सेवा सेतु स्वास्थ्य एवं जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन नगर परिषद द्वारा किया गया।

शिविर में नगर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में हितग्राही पहुंचे और अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। इनमें नाली निर्माण, पानी निकासी, राशन पर्ची, प्रधानमंत्री आवास सहित नगर परिषद से संबंधित समस्याएं शामिल रहीं। वहीं राजस्व विभाग से जुड़े नामांतरण और बंटवारे के कुछ प्रकरण भी सामने आए।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक



मोहन शर्मा ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गरीब वर्ग को पक्की छत देने के साथ आयुष्मान कार्ड के माध्यम से लाखों रुपए तक का निशुल्क उपचार उपलब्ध कराने का काम किया है। अयोध्या में भगवान श्रीराम मंदिर का निर्माण, कश्मीर से धारा 370 हटाना, आतंकवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सहित अनेक ऐतिहासिक निर्णय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लिए गए हैं।

कार्यक्रम प्रभारी एवं पूर्व विधायक राज्यवर्धन सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष बृजकिशोर मीणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष डॉ. दिनेश मंडलोई तथा नगर परिषद अध्यक्ष एवं सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी ने भी संबोधित किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी समंदर सिंह चैहान ने नगर परिषद द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं और जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

इस अवसर पर नायब तहसीलदार सुनीता कुमारी, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. राजेंद्र अहिरवार, थाना प्रभारी जितेंद्र मवई, नगर परिषद अध्यक्ष बादाम बाई, सांसद प्रतिनिधि बाला प्रसाद चंद्रवंशी, पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के प्रदेश सदस्य राधेश्याम पचवरिया, मंडल महामंत्री लखन राजपूत, रामेश्वर नायक, पार्षद बद्रीलाल कुशवाहा, राजू मीणा, रमेश मालवीय सहित अन्य हितग्राही एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



शिविर में 248 आवेदन प्राप्त, हितग्राहियों को वितरित किए गए प्रमाण-पत्र

राजगढ़। सेवा सेतु अभियान सरकार आपके द्वार के अंतर्गत रविवार को जनपद पंचायत राजगढ़ का ब्लॉक स्तरीय शिविर मंगल भवन राजगढ़ में आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी- कर्मचारियों द्वारा उपस्थित नागरिकों की समस्याओं एवं आवेदनों को सुना गया तथा पात्र हितग्राहियों को शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने की कार्यवाही की गई।शिविर में कुल 248 आवेदन प्राप्त हुए। साथ ही योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राहियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, देवीसिंह, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि फूलसिंह तंवर, दीपक शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, तथा विभिन्न विभागों के ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

आज 1 से 19 वर्ष के बच्चों और महिलाओं को खिलाई जाएगी एल्बेंडाजोल की गोली

मंदसौर। कलेक्टर दिव्यांक सिंह के निर्देशानुसार जिले में 6 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम के तहत 1 से 19 वर्ष तक के 4 लाख 89 हजार 984 बच्चों तथा 92 हजार 850 प्रजनन आयु की महिलाओं को पेट के कीड़े (कृमि) नष्ट करने हेतु एल्बेंडाजोल की गोली खिलाई जाएगी। यह विशेष अभियान 6 अक्टूबर 2026 को जिले के समस्त शासकीय एवं निजी स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में आयोजित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.के. द्विवेदी ने जानकारी देते हुए बताया कि कृमि नियंत्रण की यह दवा बच्चों और महिलाओं के बेहतर स्वास्थ्य, पोषण स्तर में सुधार तथा एनीमिया (खून की कमी) की रोकथाम के लिए अत्यंत लाभदायक है। अभियान के सुचारू संचालन के लिए जिले के सभी ब्लॉकों में आवश्यक मात्रा में एल्बेंडाजोल की गोलियां पहुंचा दी गई हैं।

मेरा युवा भारत जिला सलाहकार समिति की बैठक कल

मंदसौर। मेरा युवा भारत युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देशानुसार जिला सलाहकार समिति की बैठक आगामी 7 अक्टूबर को आयोजित की जाएगी। कलेक्टर दिव्यांक सिंह की अध्यक्षता में प्रातः 11:30 बजे उक्त बैठक कलेक्टर कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की जाएगी।

पूर्व विधायक ने अस्पताल पहुंचाया

पत्नी के नहीं आने से नाराज पति ने बस स्टैंड के पास जहर खाया



सारंगपुर। पति-पत्नी के बीच विवाद के बाद रविवार दोपहर एक युवक ने बस स्टैंड के समीप जहरीला पदार्थ खा लिया। जानकारी के अनुसार ईंचिवाड़ा निवासी मनीष पिता कालूराम अहिरवार (28) रविवार को अपने गांव से सारंगपुर आया था। इस दौरान उसने मोबाइल पर पत्नी से बात की। बातचीत के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई।

पत्नी के उसके पास नहीं आने से नाराज युवक ने दोपहर करीब 2 बजे बस स्टैंड के पास जहरीला पदार्थ खा लिया। जहर खाने के बाद मनीष पास ही एक पेड़ के नीचे बैठकर उल्टियां करने लगा। कुछ देर बाद उसके परिजन मौके पर पहुंचे और तबीयत खराब होने का कारण पूछा। युवक ने परिजनों को बताया कि उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। कारण पूछने पर उसने पत्नी के साथ विवाद और पत्नी के उसके पास नहीं आने की बात बताई। घटना के दौरान पास की एक दुकान पर मौजूद कांग्रेस के पूर्व विधायक कृष्ण मोहन मालवीय की नजर युवक पर पड़ी। उन्होंने स्थिति की गंभीरता को देखते हुए तत्काल डायल 112 को सूचना दी। पुलिस की मदद से युवक को उपचार के लिए सारंगपुर के सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। सिविल अस्पताल में डॉक्टर मनीष चैहान ने युवक का प्राथमिक उपचार किया। हालत गंभीर होने पर चिकित्सकों ने उसे बेहतर उपचार के लिए शाजापुर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उसे लेकर शाजापुर रवाना हुए। खबर लिखे जाने तक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही थी।

शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में दो दिवसीय 'सेवा सेतु अभियान' का आयोजन



सारंगपुर। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय में 3 एवं 4 अक्टूबर को 'सेवा सेतु अभियान-सरकार आपके द्वार' के तहत दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों को केंद्र और राज्य सरकार की विभिन्न हितग्राहीमूलक योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराने के साथ पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ मौके पर ही दिलाना और प्रशासनिक सेवाओं को सुगम बनाना रहा। अभियान के प्रथम दिन 3 अक्टूबर को उच्च शिक्षा विभाग की प्रमुख योजना 'गांव की बेटी योजना' के संबंध में महाविद्यालय की पात्र छात्राओं को विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही योजना से संबंधित आवेदनों की प्रक्रिया पूरी कर उनका त्वरित निस्तारण किया गया। वहीं 4 अक्टूबर को मांगलिक भवन, सारंगपुर में विशेष विभागीय स्टॉल लगाए गए। यहां कंप्यूटर ऑपरेटरों की सहायता से छात्राओं एवं स्थानीय नागरिकों को विभिन्न डिजिटल सेवाएं उपलब्ध कराई गईं तथा पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं का ऑन-द-स्पॉट लाभ दिलाने की प्रक्रिया पूरी की गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. संगीता गुप्ता, डॉ. अरुणा सोलंकी, डॉ. भाविक वोरा, श्री धर्मेंद्र खेरवार सहित प्राध्यापकगण, कंप्यूटर ऑपरेटर, बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

एसडीएम और एसडीओपी को दी विदाई

नागरिक अभिनंदन, जहां भी रहूंगा सारंगपुर याद आएगा: एसडीओपी सिंह



सारंगपुर। शासकीय सेवा में स्थानांतरण एक सहज प्रक्रिया है, लेकिन अधिकारी अपने कार्य और व्यवहार से जनता के दिलों में जगह बना लें तो विदाई के क्षण भावुक हो जाते हैं।

सारंगपुर में तीन वर्ष का कार्यकाल पूर्ण कर स्थानांतरित हुए एसडीओपी अरविंद्र सिंह एवं करीब दो वर्ष तक एसडीएम रहे रोहित बम्हौरे के सम्मान में नगरवासियों द्वारा नागरिक अभिनंदन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में दोनों अधिकारियों का शाल, श्रीफल एवं पारंपरिक साफा पहनाकर सम्मान किया गया। इस दौरान एसडीओपी अरविंद्र सिंह ने कहा कि सारंगपुर में तीन वर्ष का कार्यकाल कब पूरा हो गया, पता ही नहीं चला। यहां की जनता से मिला स्नेह और सहयोग हमेशा याद रहेगा। उन्होंने कहा, "मैं जहां भी रहूंगा, सारंगपुर सबसे पहले याद आएगा और यहां की यादें हमेशा दिल में रहेंगी।"

उल्लेखनीय है कि सिंह का स्थानांतरण भोपाल के हनुमानगंज में एसीपी के रूप में हुआ है। राजगढ़ संयुक्त कलेक्टर के रूप में स्थानांतरित हुए पूर्व एसडीएम रोहित बम्हौरे ने कहा कि सारंगपुर में विकास की अपार संभावनाएं हैं। कार्यक्रम में माली समाज जिलाध्यक्ष संतोष पुष्पद ने अतिथियों का स्वागत किया। संचालन पूर्व नपाध्यक्ष प्रतिनिधि प्रमोद सदानी ने किया। आभार गिरीश जोशी ने माना। समारोह में प्रदीप जैन, शफीक अंसारी, कैलाश टेलर, सत्यनारायण वैष्णव, किशोर पुष्पद, सजन सोनी, सुनील धनगर, नवीन रुण्डवाल सहित नगर के अनेक गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

16 दिवसीय रामलीला का मंचन का आज से होगा श्री गणेश

54 वर्ष में प्रवेश करते नारद मोह से प्रथम दिवस लीला प्रारंभ होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर



नगर ही नहीं अपितु आसपास ग्रामीण क्षेत्र में अपनी विशेष अनुपम प्रसिद्ध लिए विगत 53 वर्षों से मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के चरित्र का मंचन श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के स्थानीय कलाकार निशुल्क सेवा भाव एवं अपने नित्य कार्य के अलावा समय देकर उत्कृष्ट प्रस्तुति के साथ रामलीला करते आ रहे हैं। मंगलवार से रामलीला का मंचन नगर में इस मंडल द्वारा 54 वर्ष में प्रवेश करते हुए प्रथम दिवस नारद मोह की लीला से प्रारंभ होगा। यह 16 दिवसीय आयोजन अनेकों प्रकार की अपनी अनुठी पहचान लिए होती है। श्री गणेश आदर्श रामलीला मंडल के स्थानीय कलाकार जो कि लगभग 40 सदस्य विगत 1 माह से संवाद कला का सृजन कर (रिहर्सल) करके रामलीला मंचन को आकर्षक संवाद, युद्ध, नृत्य, संगीत, रामचरितमानस की चौपाइयों के साथ प्रदर्शित करेंगे।

गैस के उजाले से शुरू वर्तमान में विधुत डेकोरेशन पर: रामलीला मंचन की मुख्य विशेषता यह रही की जब नगर में रामलीला की शुरुआत हुई थी तो गैस के उजाले में बिजली के अभाव में स्थानीय एवं ग्रामीण क्षेत्र के श्रद्धालु भक्त आनंद लेते थे।जो वर्तमान में रामलीला में आने वाली भेंट के माध्यम से ही आधुनिक रूप से बिजली की चकाचैंध एवं समस्त कलाकारों द्वारा आकर्षक श्रृंगार एवं वेशभूषा के साथ आदर्शता लिए हुए मंचन किया जावेगा , जो एक अनुकरणीय संदेश भक्तों को देता है।

युवा ही नहीं बुजुर्ग भी जिम्मेदारी से सेवाएं देते

मंडल में अध्यक्ष दिनेश पुरोहित , संरक्षक विधायक हजारीलाल दांगी , पूर्व नपाध्यक्ष गोकरण वर्मा, उपाध्यक्ष अर्जुनसिंह मण्डलोई पटेल , गिरीराज जुलानिया , सचिव सेवानिवृत शिक्षक मोहनलाल पुष्पद , संचालक सबसे वयोवृद्ध सेवानिवृत्त शिक्षक बीएन आचार्य , सहसचिव प्यारेलाल चैहान , कार्यालय सचिव महेश राठौर , कोषाध्यक्ष अशोक सेन , परामर्शदाता पं. श्यामसुंदर शर्मा , ओमप्रकाश सेन , दिनेश तिवारी शिक्षक सहित यह स्थानीय कलाकार निशुल्क सेवा प्रदान करते हैं।इनमें 76 वर्षिय सेवानिवृत्त शिक्षक मोहनलाल पुष्पद मंच संचालन के साथ-साथ विभिन्न पात्र की भूमिकाएं निभाते हुए अपनी सेवाएं देते हैं वहीं मंडल के सदस्य एवं नगर के विभिन्न समाजसेवी श्रद्धालु भक्त भेंट स्वरूप आर्थिक रूप से सहयोग करते हुए भारतीय संस्कृति की इस परम्परा का बखूबी निर्वहन करवाने में अपना योगदान देते हैं, वही यह सभी कलाकार एवं मंडल के कार्यकारिणी सदस्य तन मन धन से लगन एवं मेहनत से रामलीला को अविश्ववरणीय रूप देते आ रही है।

कोई भी योजना से वंचित न रहे: यादव



सुठालिया। रविवार को नगर परिषद में सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री बद्रीलाल यादव ने कहा कि सरकार की मंशा है कि कोई भी पात्र व्यक्ति शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित न रहे।उन्होंने कहा कि यदि कोई छूट गया है तो वो आवेदन करे, उसको तुरंत लाभ मिलेगा। ये सरकार की,पार्टी की और हमारे जनप्रतिनिधियों कि मंशा है कोई भी हितग्राही किसी भी सरकारी योजना से वंचित न रहे, उनको लाभ मिलना चाहिए। श्री यादव ने कहा कि सरकार ने बजट में कोई कमी नहीं रखी है। सरकार ने बजट युवाओं महिलाओं के लिए और किसानों के लिए प्रावधान किया है और राशि भी मुहैया कराई जा रही है। उन्होंने उपस्थित जनों से अपील करते हुए कहा कि जो भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित रह गया है, वह आगे आए, आवेदन करे, उसे लाभ दिलाया जाएगा। कोई भी आदमी छूटने न पाए।कुछ दिनों पूर्व मृत हुए लोगों के परिजनों को दो लाख रु की राशि एवं प्रधानमंत्री योजना के हितग्राहियों को लोन आदि के लिए स्वीकृत की राशि के स्वीकृति पत्र वितरित। नप अध्यक्ष प्रतिनिधि गिरराज लोधी पार्षद आकाश अग्रवाल गोपाल भिलाला पार्षद प्रतिनिधि ओम पालीवाल मनोज शर्मा शिव पंवार दिनेश वर्मा मंडल अध्यक्ष श्याम सोंधिया भगीरथ धनगर कामेश नामदेव सीएमओ अनिल जोशी आदि मौजूद रहे।

खबर संक्षेप

सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए आवेदन 25 तक

सीहोर। सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर एक्सटेंशन (आत्मा) अंतर्गत वर्ष 2025-26 के लिए सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार एवं बेस्ट आत्मा जिला पुरस्कार के लिए पात्र एवं इच्छुक कृषकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25 अक्टूबर 2026 निर्धारित की गई है। कृषकों से निर्धारित समय-सीमा में आवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया है। कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य, नवाचार तथा उन्नत कृषि तकनीकों को अपनाकर उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले कृषकों का निर्धारित मापदंडों के अनुसार मूल्यांकन कर पुरस्कार के लिए चयन किया जाएगा। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार प्रत्येक विकासखंड से 5 उत्कृष्ट कृषकों का चयन कर 10000 रूपये प्रति कृषक की पुरस्कार राशि प्रदान की जाएगी। वहीं जिला स्तर पर चयनित 10 उत्कृष्ट कृषकों को 25000 रूपये प्रति कृषक की पुरस्कार राशि से सम्मानित किया जाएगा। पुरस्कार के माध्यम से कृषि क्षेत्र में नवाचार एवं उन्नत तकनीकों को अपनाने वाले कृषकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। पात्र कृषक निर्धारित प्रारूप में अपना आवेदन संबंधित आत्मा कार्यालय अथवा कृषि विकास अधिकारी कार्यालय में आवश्यक अभिलेखों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं।

नगर के पांच आंगनबाड़ी केंद्रों पर संपन्न हुआ आंगन मिलन सेवा अभियान

सरकार जन्म से लेकर मृत्यु तक हर नागरिक को पहुंचा रही योजनाओं का लाभः मेवाड़ा

राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों पर आकर्षक पोषण मटका भी सजाया गया, जिसमें उपस्थित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण आहार के महत्व को समझाया गया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में संपूर्ण देश में चलाए जा रहे सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सोमवार को नगर के वार्ड 12, 13, 16, 17 और 18 के आंगनबाड़ी केंद्रों पर आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना कर किया गया। साथ ही राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत केंद्रों पर आकर्षक पोषण मटका भी सजाया गया, जिसमें उपस्थित गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को पोषण आहार के महत्व को समझाया गया। कार्यक्रम में नपाध्यक्ष हेमकुंवर मेवाड़ा, नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा, भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, वार्ड पार्षद रवि शर्मा अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

आंगन मिलन सेवा अभियान को संबोधित करते हुए नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने कहा कि भाजपा सरकार के राज में समाज के हर वर्ग का कल्याण सुनिश्चित किया जा रहा है। सरकार जन्म से लेकर मृत्यु तक नागरिकों को किसी न किसी योजना के माध्यम से लाभ पहुंचा रही है। जहां एक ओर लाड़ली बहना योजना के माध्यम से माताओं-बहनों को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाया गया है, वहीं लाखों आवासहीन नागरिकों को उनके सपनों का पक्का मकान प्रदान किया गया है। संकट की घड़ी में संबल योजना के माध्यम से गरीबों को 2 से 4 लाख रुपये तक की अनुग्रह सहायता राशि दी जा रही है, तो वहीं हमारे बुजुर्गों को मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के जरिए देश के पवित्र तीर्थों की यात्रा कराकर धर्मलाभ दिलाया जा रहा है। श्री मेवाड़ा ने आगे कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से वंचित रह गए पात्र हितग्राहियों को ढूंढकर उन्हें लाभ दिलाना है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, लाड़ली बहना योजना और पीएम आवास योजना सहित अन्य कल्याणकारी नीतियों की विस्तृत जानकारी देकर जागरूक किया गया।

नन्हे-मुन्ने बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों पर प्रतिदिन आने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से अतिथियों द्वारा उपहार एवं चॉकलेट का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी चौरसिया, पार्षद रवि शर्मा, विशाल चौरसिया, शिवनारायण मेवाड़ा, भगवतसिंह मेवाड़ा, मातृ संयोगिनी समिति की अध्यक्ष एडवोकेट अनिता यादव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना राठौर, सहायिका संजना बड़ोलिया सहित बड़ी संख्या में वार्ड की गर्भवती व धात्री महिलाएं और स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

पुरानी सब्जी मंडी का कई साल से जमा कचरे को किया गया साफ

नपा का स्वच्छता अभियान, गंदगी से मिली मुक्ति



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर पालिका परिषद आष्टा द्वारा शहर को कचरा मुक्त एवं स्वच्छ बनाने के उद्देश्य से निरंतर विशेष स्वच्छता एवं जनजागरूकता अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सोमवार को शहर के प्रमुख स्थल पुरानी सब्जी मंडी के मुख्य मार्ग पर वर्षों से बने कचरे के बड़े ढेर को नगर पालिका की जन जागरूकता टीम ने पूर्ण रूप से साफ कराया। पुरानी सब्जी मंडी शहर का एक प्रमुख एवं व्यस्त क्षेत्र है।

इसी मार्ग से जैन मंदिर, एसडीओपी पुलिस कार्यालय, सार्वजनिक मूत्रालय सहित अनेक महत्वपूर्ण स्थानों तक नागरिकों का आवागमन होता है। साथ ही यह शहर की बड़ी आबादी के आवागमन का प्रमुख मार्ग होने के कारण यहां जमा कचरे से बड़ी संख्या में नागरिक प्रभावित हो रहे थे। स्वच्छता उपनिरीक्षक विनोद सांगते के नेतृत्व में विशेष दल गठित कर अभियान चलाया । सबसे पहले नगर पालिका के कचरा वाहन एवं ट्रैक्टर के माध्यम से वर्षों से जमा कचरे को हटाया। इसके बाद फायर वाहन से पानी की तेज बौछारों से पूरे स्थल की गहन सफाई एवं धुलाई की गई। सफाई अभियान के साथ जन जागरूकता टीम द्वारा आसपास के दुकानदारों एवं नागरिकों से डोर-टू-डोर एवं दुकान-दुकान संपर्क कर समझाइश दी गई कि अब इस स्थान पर किसी भी प्रकार का कचरा न डालें। नागरिकों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई तथा स्थल पर स्वच्छता संबंधी स्लोगन भी लिखे गए। इस दौरान नगर पालिका उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूरू भाई भी मौके पर पहुंचे और स्वच्छता अभियान का जायजा लिया। उन्होंने आसपास के नागरिकों एवं दुकानदारों से संवाद करते हुए अपील की कि जिस स्थान को आज स्वच्छ किया गया है, उसे आगे भी स्वच्छ बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से नगर पालिका के कचरा संग्रहण वाहन में ही कचरा देने तथा सार्वजनिक स्थान पर कचरा नहीं डालने का आग्रह किया।जन जागरूकता टीम के राजकुमार अकेला द्वारा मौके पर स्वच्छता के संदेश एवं स्लोगन लिखकर नागरिकों को जागरूक किया गया।

लंबे समय से कचरे के ढेर से परेशान आसपास के नागरिकों ने स्थल की सफाई होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए नगर पालिका के प्रयास की सराहना की। नागरिकों ने कहा कि वर्षों पुराने कचरे के ढेर को हटाकर नगर पालिका ने उन्हें गंदगी से आजादी दिलाई है। यह अभियान नगर पालिका अध्यक्ष महोदया हेम कुंवर रायसिंह मेवाड़ा एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद कुमार प्रजापति के मार्गदर्शन एवं निगरानी में आयोजित किया गया। नगर पालिका परिषद आष्टा द्वारा नागरिकों से अपील की गई कि स्वच्छ किए गए स्थल पर दोबारा कचरा न डालें और अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाए रखने में नगर पालिका का सहयोग करें।

विधायक ने की कई विकास कार्यों की घोषणा, दो नवीन आंगनबाड़ी भवनों का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी



नगर परिषद कोठरी में विकास कार्यों को गति देते हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने विभिन्न विकास कार्यों के लिए 30 लाख रुपये की राशि की घोषणा की। इस दौरान वार्ड क्रमांक 8 और 15 में लगभग 14.22-14.22 लाख रुपये की लागत से निर्मित नवीन आंगनबाड़ी भवनों का लोकार्पण भी किया गया। नगर परिषद परिसर में आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों और नगरवासियों की मौजूदगी रही। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की प्राथमिकता आमजन तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के साथ गांव और शहरों में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार करना है। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान के तहत संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए क्षेत्र के विकास के लिए हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया।

30 लाख की घोषणा

विधायक द्वारा घोषित राशि में मांगलिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख, आंगनबाड़ी परिसर में टिन शेड, पेवर ब्लॉक एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए 10 लाख रुपये तथा रामकोठी आश्रम में शेड निर्माण और निगम रोड से संबंधित कार्यों के लिए 10 लाख रुपये शामिल हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता नगर परिषद अध्यक्ष नगीना राधेश्याम दलपति ने की। स्वागत उद्बोधन में उन्होंने अतिथियों का स्वागत करते हुए नगर में किए जा रहे विकास कार्यों और नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही मूलभूत सुविधाओं की जानकारी दी। उन्होंने विधायक गोपाल इंजीनियर से नगर के अन्य आवश्यक विकास कार्यों के लिए भी राशि उपलब्ध कराने का आग्रह किया। वहीं नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रीति युवराज चंद्रवंशी ने टीपाखेड़ी से कोठरी नगर तक मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत सड़क निर्माण की मांग विधायक के समक्ष रखी। उन्होंने नागरिकों से विकास कार्यों में सहयोग की अपील की।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की रही मौजूदगी

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष देवजी पटेल, आश्रम के महंत उत्तम दास महाराज, पार्षद बबिता धर्मेंद्र सिंह, दिनेश चौधरी, विजय सिंह मुन्नालाल, मदन बा, राजपाल खेरी, एल्डरमैन अरविंद वर्मा, देवकर दुबे, जयराम वर्मा, देवकरण मालवीय, मोहन सिंह, पूर्व उपसरपंच एवं पूर्व पार्षद रमेश मालवीय सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग की सुपरवाइजर प्रेमलता जायसवाल, राजस्व विभाग के आरआई अमित रावत, पटवारी रुद्र प्रताप ठाकुर, उपयंत्री निखिल कचनेरिया, नगर परिषद के अधिकारी-कर्मचारी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि नवीन आंगनबाड़ी भवनों से बच्चों और महिलाओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। वहीं घोषित विकास कार्यों से नगर में जनसुविधाओं के विस्तार और आधारभूत विकास को नई गति मिलने की उम्मीद जताई गई।

किसान निर्धारित समय पर कराएं पंजीयन : कलेक्टर

सीहोर। खरीफ विपणन वर्ष में समर्थन मूल्य पर धान, ज्वार एवं बाजरा उपार्जन के लिए किसान पंजीयन प्रक्रिया का निर्धारण कर दिया गया है। किसान 10 अक्टूबर तक पंजीयन करा सकते हैं। कलेक्टर ने किसानों से आग्रह किया है कि निर्धारित समय में पंजीयन करा लें, जिससे किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो। उन्होंने बताया है कि किसान पंजीयन की व्यवस्था को सहज और सुगम बनाया गया है। पंजीयन की निःशुल्क व्यवस्था ग्राम पंचायत और जनपद पंचायत एवं तहसील कार्यालयों में स्थापित सुविधा केन्द्र पर और सहकारी समितियों एवं सहकारी विपणन संस्थाओं द्वारा संचालित पंजीयन केन्द्र पर की गई है। पंजीयन की सशुल्क व्यवस्था एम.पी. ऑनलाईन कियोस्क, कॉमन सर्विस सेन्टर कियोस्क, लोक सेवा केन्द्र और साइबर कैफे पर की गई है।

गुरुदेव के जयकारों से गूंज उठी केसरी वाटिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



आस्था, श्रद्धा और समर्पण के अद्भुत संगम के बीच आयोजित राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से आए हजारों गुरु भक्तों ने सहभागिता कर धर्म, संस्कार और संगठन की एकजुटता का परिचय दिया। अधिवेशन का वातावरण आध्यात्मिक ऊर्जा, भक्ति भावना और संकल्पों से ओतप्रोत रहा। कार्यक्रम में गच्छाधिपती श्री नित्यसेन सूरीश्वर महाराज साहब सहित अनेक गुरु भगवंतों का सान्निध्य एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। गुरु भगवंतों ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में धर्म के प्रति आस्था, जीवन में सदाचार, सेवा भावना और संगठन की शक्ति को महत्वपूर्ण बताया।

आपने कहा कि आध्यात्मिक मूल्यों को जीवन में अपनाकर समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। अधिवेशन का प्रारंभ मंगलाचरण से हुआ मंचासीन अतिथियों द्वीप प्रज्वलित किया इंदौर श्री संघ से स्वागत उद्बोधन चातुर्मास समिति अध्यक्ष नीरज सुराणा श्री संघ अध्यक्ष धनराज संघवी द्वारा दिया गया। राष्ट्रीय परिषद से प्रकाश छाजेड़ तरुण परिषद से आदित्य धोखा जयंतीलाल संघवी, मोहित तांतेड़, रमेश धाड़ीवाल, सुरेंद्र लोढ़ा, रमेश धरू सहित वक्ताओं ने संबोधित किया। भरतपुर ट्रस्ट अध्यक्ष बाबूलाल संघवी द्वारा द्विशताब्दी महोत्सव पर आने का निमंत्रण दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री चैतन्य कश्यप ने अपने उद्बोधन में कहा कि परिषद ने हमेशा ही सेवा कार्य को महत्व दिया है। सेवा के माध्यम से हमें परोपकार के कार्य करना है। आपने अपने पारिवारिक योगदान के बारे में कहा कि पूर्ण सम्राट के आदेश का पालन करते हुए अन्य कार्यों में सहभागिता की है। इस अवसर पर अतिथियों में राजेंद्र दगवाड़ा मुकेश नाकोड़ा सहित संघ एवं परिषद के वरिष्ठ जन एवं परिषद के पदाधिकारी मंचासीन थे। धर्म से मुस्लिम सोहेब भाई ने अपने हाथों की कला से गुरु भगवंतो की नस सम्बन्धी अनेक बीमारियों को खुदा के द्वारा प्राप्त कला से दूर किया है।

सोहेब भाई ने बिना किसी आर्थिक लाभ के सेवा को ही धर्म मानते हुए अपना समर्पण दिया है जहां आपका बहुमान इंदौर संघ द्वारा किया। इस अवसर पर मुनिराज प्रसम सेम श्रीजी महाराज ने संबोधित करते हुए कहा कि जहां त्याग समर्पण की भावना होती है वहां सफलता अपने आप मिल जाती है। आपने कहा कि समय का मूल्यांकन हमें करना है मुश्किल से मिले इस मानव जीवन को सदाचार सेवा परोपकार के कार्य में लगाना चाहिए। आपने कहा कि आज की युवा पीढ़ी मोबाइल लैपटॉप और भौतिकता में व्यस्त है किंतु धर्म संस्कार की ओर हमें बढ़ाना चाहिए। भारतवर्ष से अनेक शाखाओं से पधारे अध्यक्ष एवं पदाधिकारीगण द्वारा अपनी अपनी शाखाओं में सेवा जीव दया परोपकार सहायता शिक्षा चिकित्सा के क्षेत्र में तथा विभिन्न क्षेत्रों में किए गए रचनात्मक एवं सेवा कार्यों के बारे में उपस्थित गुरु भक्तों को अवगत कराया गया। इस कार्यक्रम को संपन्न करवाने में राष्ट्रीय पदाधिकारी राजकमल दूगड़ का सहयोग रहा। अलग-अलग शाखाओ से प्राप्त प्रतिवेदनों के आधार पर किए गए कार्यों का मूल्यांकन करने के बाद पुरस्कार वितरण समिति द्वारा चयनित कि गई शाखाओ को अलग-अलग क्षेत्र के विभिन्न पुरस्कारों का वितरण राष्ट्रीय पदाधिकारी द्वारा शाखा अध्यक्ष महामंत्री को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम को शांतिलाल गोखरू ने संपन्न करवाया राष्ट्रीय अधिवेशन में विभिन्न क्षेत्रों से आए गुरु भक्तों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

श्रद्धालुओं ने गुरु भगवंतों के दर्शन, प्रवचन और आशीर्वचन का लाभ प्राप्त किया। पूरे आयोजन में अनुशासन, समर्पण और धार्मिक भावनाओं की झलक देखने को मिली। आयोजन स्थल पर भक्ति, सेवा और समर्पण का वातावरण बना रहा। देश के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने इस अधिवेशन को आध्यात्मिक चेतना और संगठनात्मक शक्ति का प्रेरणादायी अवसर बताया। राष्ट्रीय अधिवेशन ने गुरु परंपरा के प्रति श्रद्धा, समाज की एकता और धर्म के प्रति समर्पण का संदेश दिया। संचालन सुधीर लोढ़ा ने किया। उक्त जानकारी महिदपुर रोड जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी ने दी।

आंगनबाड़ी सेक्टर के अंतर्गत हुआ आंगन मिलन कार्यक्रम आयोजित



जावर। आंगनबाड़ी सेक्टर के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र फुडरा एवं जावर में आंगन मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर, मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, नगर परिषद अध्यक्ष मंजू वैद्य, उपाध्यक्ष तेज सिंह कप्तान,मनोज वैद्य, संजय अजमेरा उपस्थित रहे। विधायक द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र फुडरा 1 और 2 दोनों में वृक्षारोपण किया। आंगनबाड़ी केंद्र का अवलोकन करते हुए सुरजना के अधिक से अधिक पेड़ लगाने हेतु निर्देश दिए। बच्चों से संवाद भी किया और उनको फल वितरित किए। आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं का सम्मान किया गया।

महिला सशक्तिकरण विषय पर जागरुकता व मार्गदर्शन सत्र आयोजित

क्षमता, आत्मविश्वास व अधिकारों के प्रति किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



शासकीय महाविद्यालय जावर जिला सीहोर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन योजना एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों के लिए महिला सशक्तिकरण विषय पर विशेष जागरूकता एवं मार्गदर्शन सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को महिला सशक्तिकरण, लैंगिक समानता, शिक्षा, आत्मनिर्भरता तथा महिलाओं के अधिकारों के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. राकेश सोलंकी रहे। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के विभिन्न आयामों पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि महिलाओं का सशक्तिकरण केवल व्यक्तिगत विकास तक सीमित नहीं है, बल्कि यह परिवार, समाज और राष्ट्र के समग्र विकास से जुड़ा महत्वपूर्ण विषय है।

उन्होंने विद्यार्थियों को महिलाओं के लिए शिक्षा एवं रोजगार के अवसरों, आर्थिक आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता, आत्मविश्वास तथा अपने अधिकारों के प्रति जागरूकता के महत्व से अवगत कराया। डॉ. सोलंकी ने विद्यार्थियों को समाज में व्याप्त लैंगिक भेदभाव एवं रूढ़िवादी सोच को दूर करने तथा महिलाओं के प्रति सम्मान, समानता और संवेदनशीलता का दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने छात्राओं को अपनी क्षमताओं को पहचानकर शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनने का संदेश दिया तथा छात्रों को भी महिला सम्मान एवं समान अवसरों की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का संचालन टी.पी.ओ. नीतू परवाल द्वारा किया गया। उन्होंने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत करते हुए महिला सशक्तिकरण के महत्व पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को सत्र में सक्रिय सहभागिता के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों ने स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण का दिया प्रेरक संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



लोक शिक्षण संचालनालय, मध्य प्रदेश, भोपाल के निर्देशानुसार संस्कृति हायर सेकेंडरी स्कूल में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित सेवा संकल्प अभियान' के तहत विशेष स्वच्छता कार्यक्रम एवं जन-जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया। अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वच्छता, अनुशासन और पर्यावरणीय चेतना का बीजारोपण करना है।

विद्यार्थियों ने नुक्कड़ नाटक व विभिन्न गतिविधियों से दिया स्वच्छता का संदेशअभियान के दौरान कक्षा 6वीं से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह के साथ हिस्सा लिया। विद्यालय स्तर पर स्वच्छता अभियान के साथ-साथ सघन पौधरोपण, योग एवं ध्यान सत्र, प्लास्टिक-मुक्ति जन-जागरूकता और 'नशा मुक्त भारत' चेतना सत्र जैसी महत्वपूर्ण गतिविधियां समय-समय पर आयोजित की जाती है। इसी के तहत विद्यालय प्रबंधक प्राचार्य सर्वेश उपाध्याय के कुशल नेतृत्व में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में उपप्राचार्य राज परिहार, वरिष्ठ शिक्षिका अनीता ताम्रकार, राजलक्ष्मी मैम, सुहानी मैम सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। विद्यार्थियों ने प्रभावी नुक्कड़ नाटक, आकर्षक ड्राइंग, पेंटिंग एवं रंगोली प्रस्तुतियों के माध्यम से कचरा हमेशा डस्टबिन में डालने, पॉलिथीन, प्लास्टिक फाइलों, प्लास्टिक लंच बॉक्स व बोतलों का सर्वथा त्याग करने का संकल्प लिया।